# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

## <u>प्रेस नोट</u>

**<u>कक्षा–12, 2013 के परिणाम</u>**

27 मई, 2013

**परीक्षा अवधि** **1 मार्च 2013 से 17 अप्रैल 2013**

**परीक्षाफल घोषणा तिथि** **27 मई 2013 (समस्त क्षेत्र)**

**<u>परीक्षाफल के आंकडें</u> –**

इस वर्ष कक्षा–12 की परीक्षा हेतु कुल **<u>944721</u>** परीक्षार्थी पंजीकृत हुए । पिछले वर्ष की तुलना में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या में **<u>15.81</u>**प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

**<u>मुख्य विशेषताएं–</u>**

- वर्ष 2012 का उत्तीर्ण प्रतिशतः **<u>80.19</u>**
- वर्ष 2013 का उत्तीर्ण प्रतिशतः **<u>82.10</u>**

- **छात्राओं** ने **छात्रों** से बेहतर प्रदर्शन किया। **छात्रों** का उत्तीर्ण प्रतिशत **<u>77.78</u>** की तुलना में **छात्राओं** का उत्तीर्ण प्रतिशत **<u>87.98</u>**रहा।

- संस्थागत नियमित परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत **<u>84.291</u>** रहा।

- क्षेत्रीय कार्यालय चैन्नई का समस्त उत्तीर्ण प्रतिशत **<u>91.83</u>** रहा जो सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में उच्चतम है।

- टॉप 20 प्रतिशत कट आफ 2013 परीक्षा के लिएः

| | |
|---|---|
| सामान्य | 391 |
| ओ़ बी सी | 389 |
| एस सी | 350 |
| एस टी | 338 |

# सीनीयर सैकेंडरी परीक्षा ( कक्षा XII) परिणाम 2013

## प्रेस नोट

### कक्षाXII 2013 परीक्षाओं के लिए पहल

- परीक्षा उपनियमों के नियम 44.1 के तहत निष्पादन के सुधार की अनुमति कक्षा XII में जे.ई.ई के विधार्थियों को दी गई थीं जो 2011 या भले ही 2012 में बैठे हो।

- पिछले वर्ष तथा इस वर्ष के परीक्षार्थियों को बोर्ड द्वारा सभी विषयों में निष्पादन के सुधार/ उन्यन के प्रदर्शन की अनुमति दी गई थीं।

- पूरक परीक्षा में बैठने की संभावना पाँच से तीन हो गई है। परन्तु जो विधार्थी 2012 या उससे पहले की परिक्षा में बैठें हो उनके लिए पूरक परीक्षा में बैठने की संभावना पाँच ही रहेगीं।

- दस अंको का प्रोजेक्ट वर्क 'व्यवसायिक अध्ययन' के विषय में आरम्भ किया गया जो बाह्य परीक्षको द्वारा मुल्यांकन किया गया।

- मूल्यों तथा विषयों का अन्तरमिश्रण कर कक्षा X-XII के सभी मुख्य विषयों में 3 से 5 अंक के सवालपूछे गये जिसका उदे्ष्यअन्तरविषय दृष्टिकोण को विकसित करना था ।

- संशोधित पाठ्यक्रम–2013 और एस.क्यू.पी. एवं नमूना प्रश्न जो कि मूल्यों पर आधारित थे वह अग्रेंजी (निर्वाचित), अग्रेंजी (मूल), अग्रेंजी (कार्यात्मक), हिन्दी (नर्वाचित),हिन्दी (मूल), गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखाकर्म, इतिहास, भुगोल, व्यवसायिक अध्ययन, उद्यमशीलता और अर्थशास्त्र के विषयों में कक्षा XII की बोर्ड परीक्षा 2013 में इस्तेमाल हुए वह बोर्ड की वेब साइट पर उपलब्ध थे।

**सीबीएसई टेली काउंसलिंग– द्वितीय चरण 27 मई 2013 से 10 जून 2013**

सीबीएसई टेली काउंसलिंग के दूसरे चरण की शुरूआत 27 मई 2013 से हो गई है जो 10 जून 2013 तक चलेगी। सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त सरकारी और प्राईवेट विद्यालयों के **45प्राचार्य,** प्रशिक्षित काउंसलर, मनोवैज्ञानिक और समाज–वैज्ञानिक हैल्पलाईन पर उपलब्ध हैं। इनमें से **37** भारतमे उपलब्ध हैं जबकि **8** भारत से बाहर जापान, कुवैत, दोहा कतर, सउदीं अरब, यूएई और ओमान सल्तनतमें हैं।

**केन्द्रीकृत और टोल फ्री हेल्पलाइन भारत मे :–**

सीबीएसई हेल्पलाइन की केंद्रीकृत सुविधा की प्राप्ति के लिए छात्र भारत के किसी भी स्थान से शुल्क रहित संख्या (टोल फ्री नम्बर) **1800 118 004** डायल कर सकते हैं। सामान्य प्रश्नों का उत्तर प्रचालकों द्वारा दिया जाता है व परीक्षा संबंधी चिंता या तनाव के मामले में उनका संपर्क प्राचार्यो या परामर्शदाताओं से कराया जाता है।

**निर्विघ्न मूल्यांकन के लिए तैयारी**

(क) **पर्यवेक्षण–सारणी:** प्रश्न–पत्रों से संबंधित छात्रों की संगत शिकायतों के निपटान हेतु सभी विद्यालयों के प्राचार्यो को पर्यवेक्षण सारणी भेजी गई जिससे वे संबंधित विषय की परीक्षा के

आयोजन के 24 घंटे के भीतर अपने सुझाव दर्ज कर अग्रेषित कर सकें ताकि अंकन–योजना तैयार करते समय विशेषज्ञों द्वारा उन पर विचार किया जा सके।

(ख) **<u>चीफ नोडल सुपरवाईजर</u>**ः जिन शहरों में विद्यालयों की संख्या अधिक थी और एक विषय में चार या अधिक मुख्य परीक्षक शामिल थे उनमें मूल्यांकन के लिए चीफ नोडल सुपरवाईजर के रूप में बोर्ड द्वारा विद्यालय के प्राचार्य नियुक्त किए गये। इससे मूल्यांकन कार्य के उचित प्रबंधन, पर्यवेक्षण और उसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया गया ।

(ग) **<u>अनिवार्य मूल्यांकन</u>** : मूल्यांकन के लिए चयन किए गए शिक्षकों को सूचित किया गया कि निर्धारित तिथि एवं समय पर रिपोर्ट करें अन्यथा उनके वार्षिक अभिलेख में इसकी प्रविष्टि की जाएगी। यह भी कहा गया कि किसी विद्यालय द्वारा शिक्षकों को कार्यमुक्त न करने पर उस संस्थान के परिणाम रोके जा सकते हैं । बोर्ड उनकी सम्बद्धता रद्द करने की कार्रवाई करने पर भी विचार कर सकता है ।

**<u>विशेष वर्ग के विद्यार्थियों के लिए रियायतें</u> :–**

बोर्ड के परीक्षा उप–नियम के अनुसार, बोर्ड द्वारा विशेष वर्ग के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों के लिए अनेक अन्य छूट/सुविधाएं प्रदान की जा रही हैंः–

- दृष्टिहीन, दृष्टि दोष से पीड़ित, वाक् और श्रवण दोषयुक्त, शारीरिक रूप से असमर्थ, आटिस्टिक, डिस्लेक्सिक, स्पास्टिक व निशक्तता व्यक्ति अधिनियम, 1995 में परिभाषित अशक्त विद्यार्थियों के लिए छूट।
- लेखन लिपिक का उपयोग करने के लिए निःशुल्क सुविधा।

**बाह्य परीक्षा में निम्नानुसार अतिरिक्त समय दिया जाता है।**

- 3 घंटे की अवधि की परीक्षा के लिए – 60 मिनट
- 2½ घंटे की अवधि की परीक्षा के लिए – 50 मिनट
- 2 घंटे की अवधि की परीक्षा के लिए – 40 मिनट
- 1½ घंटे की अवधि की परीक्षा के लिए – 30 मिनट

- इस वर्ष पहली बार दृष्टिहीन विधार्थी जो कक्षा X एंव XII की बोंर्ड की परीक्षा दे रहे हैं उनके लिए जे.ए.डब्लयू.एस सोफटवेयर प्रयोग की अनुमति दी गई हैं ।

**<u>विद्यालयों के लिये महत्वपूर्ण सूचना</u> :**

**प्रथम अवसर की पूरक परीक्षा** 16 जुलाई 2013 से आरम्भ होंगी। नियमित परीक्षार्थी अपना आवेदन विद्यालय के प्रधान के माध्यम से प्रेषित करेंगे। संस्थानों के प्रधान सुनिश्चित करेंगे कि पूरक परीक्षार्थियों की सूची संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में **21.06.2013अथवा लेट फीस 10/–रू0 प्रति दिन के हिसाब से 29.06.2013 तक पहुंच जाये ।**

**<u>अंकों का सत्यापन</u>**

क)अंकों के सत्यापन के लिए फार्म बोर्ड की वेबसाइट**www.cbse.nic.in**पर भी उपलब्ध हैं ।

ख) (1) तत्काल सत्यापन के लिए बोर्ड ने ऑनलाईन आवेदन की व्यवस्था की है ऑनलाईन आवेदन परीक्षा की घोषणा की तिथि से **5** दिनों के अंदर **300/–रू0** प्रति विषय की दर पर किये जा सकते है।

(2) परिणाम घोषित होने की तिथि के छठे दिन से ऑनलाइन या **21** दिन के भीतर ऑफलाइन आवेदन करने पर शुल्क रु0 **200/–** प्रति विषय है ।

(3) फीस का भुगतान नकद अथवा डिमान्ड ड्राफ्ट के द्वारा किया जा सकता है डिमान्ड ड्राफ्ट सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय के नाम देय होगा ।

**आवेदन प्राप्त करने की विधि इस प्रकार हैं । :–**

1. ऑन लाइन आवेदन के द्वारा भुगतान के साथ डिमांड ड्राफ्ट के पीछे रोल नं0, मोबाइल नं0, दिया होना चाहिये ।
2. ऑफ लाइन आवेदन पूर्व प्रक्रिया के अनुसार होगा।

ग) ऑन लाइन या ऑफ लाइन सभी आवेदनों पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**परीक्षा 2013 के ऑनलाइन/ ऑफलाइन अंक सत्यापन हेतू नकद शुल्क सहित आवेदन पत्र निम्नलिखित विद्यालयों से प्राप्त किए जाएगे।**

## <u>दिल्ली में</u>

| कम संख्या | विद्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|
| 01 | बाल भवन पब्लिक स्कूल, पॉकेट–बी–फेस–II मयूर विहार, दिल्ली–10092 |
| 02 | यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, ए ब्लॉक, प्रीत विहार, दिल्ली |
| 03 | नैशनल विक्टर पब्लिक स्कूल, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली–10092 |
| 04 | सेंट गिरि पब्लिक स्कूल, पॉकेट 25–27 सेक्टर–3 रोहिणी, दिल्ली |
| 05 | अर्वाचीन भारती भवन सी.सैं. स्कूल, सी ब्लॉक विवेक, विहार दिल्ली |
| 06 | ज्ञानदीप विद्या भवन, ब्लॉक सी–10 यमुना विहार, दिल्ली |
| 07 | गुरू हरकिशन पब्लिक स्कूल, लोनीं रोड़, शाहदरा, दिल्ली |
| 08 | लीलावती विद्या मंदिर सी.सै. स्कूल, शक्ति नगर, दिल्ली |
| 09 | महावीर एस आर मॉडल स्कूल, जीं.टी. करनाल रोड़, दिल्ली |
| 10 | महाराजा अग्रसेन आदर्श पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा, दिल्ली |
| 11 | के.आई.आई.टी. वर्ल्ड स्कूल, पीतमपुरा दिल्ली |
| 12 | गुरू हरकिशन पब्लिक स्कूल, आर.डी. 73 पंजाबी बाग, नई दिल्ली |
| 13 | एस.डी. पब्लिक स्कूल, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली |
| 14 | स्प्रिंग मीडोज पब्लिक स्कूल, मेन नजफगढ़ रोड़, उत्तम नगर, दिल्ली–110059 |
| 15 | वेद व्यास डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, विकासपुरी, नई दिल्ली |
| 16 | साधु वासवानी इण्टरनेशनल स्कूल (गर्ल्स) शांति निकेतन, नई दिल्ली–110070 |
| 17 | रेड रोज़ेज पब्लिक स्कूल, साकेत, नई दिल्ली |

| | |
|---|---|
| 18 | गुरू हरकिशन पब्लिक स्कूल, कालकाजी एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110019 |
| 19 | माडर्न स्कूल, बाराखम्बा रोड़, नई दिल्ली |
| 20 | एस.एस.एल. गुजरात सी.सै. स्कूल, राजनिवास मार्ग, दिल्ली–110054 |
| 21 | कमर्शियल सी.सै. स्कूल दरियागंज, नई दिल्ली–110002 |
| 22 | सलवान पब्लिक स्कूल, राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली |
| 23 | दीपांशु पब्लिक स्कूल, कमरदीन नगर, नांगलोई, दिल्ली |
| 24 | राइजिंग स्टार अकादमी सी.सै. स्कूल, 110, राजनगर, पीतमपुरा, दिल्ली |
| 25 | कैम्ब्रिज फाउंडेशन स्कूल, जी‘8, राजौरी गार्डन एक्सटेंशन, नई दिल्ली |

उपरोक्त विद्यालयों में सत्यापन के लिए ऑफलाइन आवेदन नकद अथवा डिमांड ड्राफ्ट सहित सभी कार्य दिवसों पर प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे के बीच में परिणामों कि घोषणा के दिन से किया जा सकता है।

**आवेदन–पत्र सीबीएसई कार्यालय से नहीं मिलेगें।** अतः आवेदकों को आवेदन–पत्र तथा फीस उपरोक्त सूचना के अनुसार ही प्राप्त करके वहीं जमा कराने होगें।

**दिल्ली से बाहर के परीक्षार्थियों के लिए**

**अंकसत्यापन के लिए आवेदन पत्र संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों अथवा बोर्ड की वेबसाईट से डाउन लोड करके** संबंधित क्षेत्रिय कार्यालय को सचिव के लिए देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ प्रषित कर सकते है।

पूर्व के अनुसार अंकों के सत्यापन के परिणाम ई मेल द्वारा तथा बोर्ड की वेबसाईट पर सूचित किये जायेगें। जिन विद्यार्थियों के परिणाम में बदलाव होगा उन्हें स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र भेजा जायेगा। यदि कोई आवेदक ऑनलाईन अथवा ऑफ लाईन आवेदन में अपना ई मेल सूचित नहीं करता तो अंकों के सत्यापन की सूचना साधारण पोस्ट द्वारा दी जायेगी।

**क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली में परिणाम घोषणा की व्यवस्था**

दिल्लीक्षेत्रके सभीस्कूलों को यह सूचित किया जाता है कि वह अपने संबंधित उप निदेशक के कार्यालय से दिनांक **27.05.2013 को दोपहर 2 बजे** के पश्चात् परिणाम लें ।

**प्राईवेट परीक्षार्थी अपने** परीक्षा परिणाम के लिए अपने परीक्षा केन्द्रों से संपर्क करें । बोर्ड में परिणाम बताने की कोई व्यवस्था नहीं होगी इसलिए जन साधारण को सुझाव दिया जाता है कि वे परिणाम प्राप्त करने के लिए बोर्ड के कार्यालय पर न आएं।

**उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकापी प्रदान करना**

माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 09 अगस्त 2011 को दिए निर्णय के अनुसार परीक्षार्थियों को उत्तर–पुस्तिकाओं की फोटोकापी प्रदान करने का आदेश है। बोर्ड द्वारा इंटरनेट पर परिणाम घोषित होने के **31 दिनों के पश्चात्** इसके लिए आवेदन लिए जाऐंगे। इस संदर्भ में विस्तृत रुपात्मकता जल्द ही बोर्ड की वेबसाइट पर संचालित कर दी जाएगी।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, परीक्षा के सफल और सुचारू रूप से संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए शिक्षा निदेशालय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, सभी स्कूलों जैसी सहयोगी संस्थाओं और राज्य सरकारों के प्रति आभार व्यक्त करता है । परीक्षा

संचालन के दौरान समय–समय पर सहायता तथा सहयोग प्रदान करने के लिए मीडिया, दिल्ली एंवसमस्त राज्यो की पुलिस भी विशेष धन्यवाद की पात्र है।

| | | |
|---|---|---|
| **रमा शर्मा**<br>**जन संर्पक अधिकारी** | **एम. सी. शर्मा**<br>**परीक्षा नियंत्रक** | **विनीत जोशी**<br>**अध्यक्ष** |